# Denim Developers Limited

**Regd. & Corp.Office: C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota-324003, Rajasthan**
**CIN: L36101RJ1969PLC076649, Contact No: +91 -73000 -83921**
**Email Id: info@denim.org.in, Website: www.denimdevelopersltd.com**

August 27, 2024

To,
Listing Department,
**Metropolitan Stock Exchange of India Limited**
**205(A), 2nd floor, Piramal Agastya Corporate Park**
**Kamani Junction, LBS Road, Kurla (West),**
**Mumbai, Maharashtra, India, 400070**

Sub.: Submission of Newspaper publication for Notice of 54th Annual General Meeting in compliance of regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copy of newspaper advertisement with regards to the Notice of 54th Annual General Meeting published in the newspaper namely The Indian Express and Jannayak.

Kindly take the same on records.

Thanking You,
For Denim Developers Limited

DENIM DEVELOPERS LIMITED

(Rajesh Kumar Patil)
Whole Time Director & CFO
DIN:- 02333360

Encl.: As Above

# जेएलएन राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी

## पौधारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का लिया संकल्प

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक समरसता समिति कोटा द्वारा जन्माष्टमी के पर्व पर सोमवार को स्टेशन क्षेत्र के राजकीय जवाहर लाल नेहरू उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण और पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों ने जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण की झांकियों की प्रस्तुति दी। विद्यालय की बालिकाओं ने अतिथियों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियो को स्टेशनरी पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इससे पूर्व अतिथियों और समिति और शाला के शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त परियोजना समन्यवयक समसा रूपेश शर्मा ने सरकारी स्कूलों में सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी प्रशिक्षण विभाग और झालावाड संगठन प्रभारी छगन माहुर, अध्यक्षता जेसीआई कोटा अध्यक्ष ईश्वर शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समसा शिक्षा कोटा रूपेश सिंह मौजूद रहे।

# रिटायर्ड पैरा मेडिकल को दुबारा नौकरी का अवसर

**कोटा।** स्टॉफ की कमी को देखते हुए रेलवे ने रिटायर्ड पैरा मेडिकल स्टॉप को दुबारा नौकरी अवसर दिया है। संविदा के आधार पर यह नियुक्ति दैनिक वेतन के आधार होगी। रेलवे बोर्ड ने इसके आदेश जारी किए गए हैं। यह नियुक्ति अधिकत 65 वर्ष की आयु तक होगी। कोटा और गंगापुर में इसके लिए कुल तीन पद हैं। इनमें सिटी लैब असिस्टेंट, सिटी ईसीजी तकनीशियन और सहायक रसायन का पद शामिल है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 सितंबर है।

# रेलवे अप्रेंटिस के 3317 पदों पर भर्ती, अंतिम तिथि 4 को

**कोटा।** पश्चिम-मध्य रेलवे में अप्रेंटिस का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 3317 स्लॉट के लिए अधिसूचना जारी की है। इसमें ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 सितंबर है। इसमें कोटा मंडल और वर्कशॉप के पद भी शामिल हैं।

# रेलकर्मियों के बच्चों को मिलेंगे लैपटॉप

**कोटा।** उच्च शिक्षा के लिए अराजपत्रित रेल कर्मचारियों के बच्चों को शेक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति के रुप में लैपटॉप दिए जाएंगे। यह निर्णय केंद्रीय कर्मचारी हित निधि समिति ने लिया है। इच्छुक कर्मचारी अपने आवेदन 31 अक्टूबर तक कोटा डीआरएम कार्यालय स्थित कल्याणस अनुभाग में जमा करा सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ
**घर** या बिजनेस संबंधी बदलाव की योजनाएं बनाने के लिए समय अनुकूल है। सोच विचार और आत्म निरीक्षण करने से क्रिएटिविटी बढ़ेगी।

**वृषभ** — ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो
**परिवार** संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह मशवरा होगा मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय व्यतीत होगा कहीं निवेश करने की योजना है।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड़ छ, के, को, हा
**दूसरों** से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत कुछ समय अपनी रुचि पूर्ण कार्यों में भी व्यतीत करने से नई ऊर्जा और स्फूर्ति की अनुभूति होगी।

**कर्क** — ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो
**आज** दिन कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहेगा।बुजुर्गों के मार्गदर्शन से मुश्किल राह आसान हो जाएगी। धैर्य पूर्वक किए गए कार्यों का नतीजा भी शुभ मिलेगा।

**सिंह** — मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे
**पिछले** कुछ समय से चल रहा तनाव दूर होगा संपत्ति और बंटवारे संबंधी गतिविधियां किसी अनुभवी व्यक्ति की मध्यस्थता से हल हो जाएंगी।

**कन्या** — टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो
**दिन** की शुरुआत बहुत ही सुखद रहेगी। किसी राजनैतिक अथवा कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि भी मिल सकती हैं। अपनी पूरी योग्यता और मेहनत अपने कार्यों में लगा दें।

**तुला** — रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते
**मिले-जुले** नतीजे वाली दिनचर्या रहेगी। लेकिन व्यवस्थित रहकर कोई रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी संबंधों में सुधार आएगा।

**वृश्चिक** — तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू
**इस** समय ग्रह स्थिति आपको बेहतरीन देने के पक्ष में है। अपनी योजनाओं को गोपनीय तरीके से क्रियान्वित करते चले। थोड़ी सी सतर्कता रखने से आपकी योजनाएं तथा कार्य सफल रहेंगे।

**धनु** — ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ड़ा
**जीवन** के प्रति आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपके लिए मान प्रतिष्ठा वर्धक रहेगा। आपका रहन-सहन व बोलचाल का तरीका लोगों का ध्यान आकर्षित करेगा।

**मकर** — भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी
**कहीं** पैसा दिया हुआ है, तो उसे वापस पाने के लिए प्रयास करें। क्योंकि ग्रह स्थिति अनुकूल बनी हुई हैं। फाइनेंस से संबंधित कार्यों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

**कुंभ** — गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
**दिन** मन मुताबिक तरीके से व्यतीत होगा। किसी खास संबंधी का घर में आगमन होगा।काफी समय बाद मेल-मिलाप होने से सभी लोग अपने आप को तनाव मुक्त व आनंदित महसूस करेंगे।

**मीन** — दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
**फोन** कॉल अथवा मीडिया के माध्यम से कुछ नई-नई जानकारियां मिलेंगी। मित्रों का साथ किसी मूल्यवान वस्तु की खरीदारी की योजना बनेगी कुल मिलाकर पूरा दिन सुखद व्यतीत होगा।

# केईडीएल के जिम्मे होगी दशहरा मेला की विद्युत व्यवस्था



## ऊर्जा मंत्री ने दिए निर्देश

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा दशहरा मेला में विद्युत व्यवस्था के संबंध में सोमवार को केईडीएल के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने केईडीएल के अधिकारियों से बैठक कर मेले में विद्युत कनेक्शन के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष एवं मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि ऊर्जा मंत्री बैठक में केईडीएल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस वर्ष निगम के अधिकारी दशहरा ग्राउंड में लगे हुए सभी विद्युत उपकरणों, लाइन और अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर मेला संबंधित सम्पूर्ण विद्युत व्यवस्था केईडीएल विभाग को संभला देंगे। मेले में विद्युत कनेक्शन केईडीएल विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा और मेले के दौरान होने वाली विद्युत संबंधी कोई भी परेशानी अथवा आपदा को केईडीएल विभाग के अधिकारियों द्वारा बहाल किया जाएगा। साथ ही विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए भी केईडीएल विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस पर निगम और केईडीएल विभाग के अधिकारियों ने अपनी सहमति व्यक्त की। व्यापारियों को विद्युत संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए दो विभागों के चक्कर नहीं काटने होंगे।

बैठक में निगम के अधिशासी अभियंता विद्युत सचिन यादव, सहायक अभियंता विद्युत लक्ष्मी नारायण बडारिया, केईडीएल विभाग के तकनीकी प्रमुख अनिमित्रो ढाली एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी पर दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** ओम कोठारी संस्थान में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसकी शुरुआत भगवान कृष्ण के विग्रह की पूजा एवं आरती के साथ हुई। इसमें छात्रों की विभिन्न टीमों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों की टीम ने पानी की बौछारों एवं रंगों की बहार के बीच सामंजस्य, मजबूती एवं साहस का परिचय देते हुए दही मक्खन से भरी मटकी को फोड़ा। मटकी के फूटने के साथ ही गोविंदा आला रे, राधे राधे, जय श्री कृष्ण जैसे भक्ति में नारों से पूरा महाविद्यालय परिसर गूंज उठा। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने कृष्ण के भजनों पर जमकर नृत्य किया। आयोजन का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। निदेशक डॉ. अमित सिंह राठौड़, प्राचार्या डॉ. गीता गुप्ता, प्राचार्या डॉ. स्नेह लता धर्मावत, मोहित पंत सभी व्याख्यातागण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# नन्हें बच्चों ने मनाया श्रीकृष्ण महोत्सव




**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को रंगबाड़ी क्षेत्र स्थित ज्योतिबा सीनियर सैकण्डरी विद्यालय के बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। कृष्ण व राधा के स्वरूप में सजकर बच्चों ने मटकी फोड़ लीला का मंचन किया एवं भक्ति गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय के निदेशक राम बिलास सुमन ने बच्चों को पुरस्कार एवं प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर विजय सुमन, सुमित कुलश्रेष्ठ, मनिषा कुशवाह, सीमा गुप्ता, ज्योति पांचाल, सोनू शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# एलबीएस में कृष्ण जन्माष्टमी की रही धूम



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** एलबीएस स्कूल के प्रांगण में बड़ी ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ जन्माष्टमी का महापर्व मनाया गया। जिसका शुभारंभ एलबीएस ग्रुप सेक्रट्री उर्मिला माथुर, निदेशक योगेन्द्र माथुर, शिल्पा माथुर, एकेडमी डायरेक्टर एसके माहेश्वरी, वर्षा माथुर द्वारा कृष्ण की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

एलबीएस चेयरमैन कुलदीप माथुर ने बताया कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार, भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को आधी रात के समय कंस का अंत करने के लिए भगवान विष्णु के आठवें अवतार के रूप में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था।

ऐसे में कान्हा का जन्मोत्सव खूब धूमधाम से मनाते हैं। इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव में बच्चों ने भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन और भक्ति गीतों एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कुलदीप माथुर द्वारा विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराया, जिससे वे नैतिकता और धर्म के महत्व को समझ सके।

# सेवा कार्यों में मददगारों का सम्मान समारोह

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** कोटा द्वारा वर्ष 2022 से 2024 तक किए गए सेवा कार्यों में सहयोग देने वालों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चीफ सेक्रेटरी मंजू लुंकड़ ने बताया यह प्रोग्राम उन सभी के लिए किया गया जिन्होंने तन मन धन से जीतो लेडीज विंग कोटा को अपना समय तथा सहयोग दिया तथा करीब 50 प्रोजेक्ट डायरेक्टर और अहिंसा रन में जिन्होंने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। इसमें करीब 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। काव्या बागरेचा ने अपनी सुंदर नृत्य प्रस्तुति से सब का मन मोहा। मीना जैन, सुमन मुनोत, पिंकी बागरेचा, आकांक्षा कडावत प्रियंका सभी ने शानदार गेम एवं हाउसी खिलवाई। चेयरपर्सन अनीता जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में जीतो कोटा फाउंडर मदन लाल पाटोदी सीनियर कर सलाकार तथा जीतो पदाधिकारी कपिल जैन, नकुल जैन, राहुल जैन, पंकज जैन उपस्थित थे।

# पर्यटन विकास के लिए पुस्तक का विमोचन




**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला द्वारा रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में कोटा टूरिज्म-विजिट कोटा-यादगार पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार एवं नगर विकास न्यास के पूर्व राजस्व सलाहकार परमानंद गोयल द्वारा लिखित है।

दिनेश जैन ने बताया कि इस पुस्तक का उद्देश्य कोटा को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए कोटा की ऐतिहासिक, भौगोलिक, पुरातत्व तथा कलात्मक धरोहर के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराना है। यह पुस्तक पर्यटकों के साथ-साथ देश-विदेश के लोगों को कोटा के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगी, जिससे कोटा में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन समिति के देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि यह पुस्तक कोटा की समृद्ध धरोहर को प्रदर्शित करती है और पर्यटकों को कोटा के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगी।

# खटीक समाज के 120 छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** खटीक समाज युवा विकास समिति के तत्वाधान में प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह विनोबा भावे नगर खटीक समाज छात्रावास में संपन्न हुआ। जिसमें 120 बच्चों का सम्मान किया। भूपेंद्र सामरिया ने बताया कि मुख्य अतिथि लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला और विशिष्ट अतिथि हीरालाल नागर ऊर्जा मंत्री एवं अध्यक्षता खटीक समाज हाडोती क्षेत्र के अध्यक्ष रघुनंदन भलवाल ने की।

विशाल खींची ने बताया कि समझ में लोकसभाध्यक्ष और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य भामाशाह ओम बागड़ी पत्रकार कृष्ण मुरारी दिलावर मनीष सांमरिया आदि का लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा माला वह मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

समारोह में रामावतार बागड़ी, चतुर्भुज खिंची, दीपक भलवाला, दिनेश भलवाला, दिनेश खटीक, कृष्णमुरारी सामरिया, बाबूलाल भलवाला महेंद्र सामरिया व बड़ी संख्या में महिला शक्ति की उपस्थिति रही।

# केडीए से गांवों को मुक्त कराने की बिरला से मांग

## शुगर मिल चलवाने पर सकारात्मक आश्वासन



**कोटा।** राष्ट्रीय किसान समन्वय समूह के संयोजक एवं हाडोती किसान यूनियन के महामंत्री दशरथ कुमार ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सोमवार को लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला से भेंट कर किसान वर्ग की समस्यायों कोटा विकास प्राधिकरण से गांवों, खेतों को मुक्त करने, केशवराव पाटन शुगर मिल को चालू कराने संबंधी समाधान करने की मांग की।

इस पर लोकसभाध्यक्ष ने कहा कि नए मास्टर प्लान में गांव और खेती किसानी को केडीए से अलग कराने का प्रयास करेंगे। शुगर मिल के संचालन के लिए कृषि मंत्री को कोटा आमंत्रित कर किसानों से बात कराएंगे। किसान नेता ने आगामी 30 अगस्त को स्व. नाथूराम मिर्धा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का निमंत्रण भी दिया। प्रतिनिधि मंडल में पर्यावरणविद् बृजेश विजयवर्गीय भी साथ रहे।

# वाल्मिकी समाज की आभार रैली 28 को

## आरक्षण उप वर्गीकरण फैसले का धन्यवाद ज्ञापन

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 अगस्त को दिए गए आरक्षण उप वर्गीकरण के फैसले पर धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए कोटा संभाग का वाल्मिकी समाज 28 अगस्त को कोटा की सड़कों पर नजर आएगा।

आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति कोटा संभाग सदस्य दिनेश सरसिया ने बताया कि इसकी तैयारियां हेतु शहर की वाल्मिकी बस्तियों में बैठकों का क्रम जारी है। 25 अगस्त को महर्षि नवल मंदिर कोटा जंक्शन पर नेहरु नगर, चौपड़ा फार्म की बैठक में समाज के हर आयु वर्ग की भागीदारी इस रैली में सुनिश्चित करने पर बल दिया। बस्तीवासी अशोक माचल, विनोद डागर, अनिल डंगोरिया, भारत नकवाल, दिनेश सरसिया के सहयोग से बसों एवं निजी साधनों से सभी 28 अगस्त की सुबह 11 बजे नागाजी पहुचेंगे। यहां से आभार रैली जिला मुख्यालय पहुंचेगी। जहां पर सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करते हुए इसे लागू करने के लिए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित करेंगे।

उक्त बैठक में नवल मन्दिर संस्थापक महाराज घांसी नकवाल, रमेश सरसिया, खेमराज कलोसिय, ओमप्रकाश टोपिया, रामरतन संगत, सुरेश डागर, राजू चरावडिया, राजू चंडालिया, महेश चौहान, प्रभाशंकर नरवाल, अजय कलोसिया, सत्यनारायण पंवार, सुधीश तमोली, रवि सफेला, महावीर नरवाल, संजय कलोसिया, राधेश्याम बुर्ट, रामस्वरूप भंडारी, मुकेश नकवाल, शुभम मेवाती, कुलदीप मेवाती, विक्रम चौहान, कपिल माचल, विक्रम टोपिया, राहुल टोपिया, महेंद्र खराड़िया, प्रेम करोतिया, अनिल थनवाल, ललित पीवाल, पवन बुरट, विजय भगवान आदि उपस्थित रहे।

# दो अज्ञात युवकों के शव मिले

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** विभिन्न थाना इलाकों में दो अज्ञात युवकों के शव मिले है। पुलिस ने बताया कि भीमगंजमंडी थाना इलाके में एक अज्ञात युवक सड़क पर अचेत पड़ा था। जिसे पुलिस एमबीएस अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र 40 वर्ष कद साढ़े पांच फुट है। जिसने आसमानी रंग की शर्ट व मटमेटी जींस पहन रखी है। बारेखड़ा थाना इलाके में मजदूर चौराहा पर एक अज्ञात युवक अचेत पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस युवक को एमबीएस अस्पताल ले गई।

जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र 40 वर्ष कर साढ़े पांच फुट है। जिसने लाल सफेट रंग की शर्ट व सफेद पेंट पहन रखी है। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को शिनाख्त के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस दोनों मृतकों की पहचान के प्रयास कर रही है।

# कैथून को नगर-निगम में शामिल करना प्रगति का तकाजा : राजावत

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** बरसों पुराने कोटा के समीप कैथून कस्बें को नगर-निगम एवं कोटा विकास प्राधिकरण मे शामिल होने की चर्चाएं सुनकर प्रसन्नता हो रही हैं 2003 मे मेरे कार्यकाल मे मैंने कोटा के नजदीक के 25 गांव जिनमें धाकड़खेड़ी, जगपुरा, रानपुर, शम्भूपुरा, बड़गांव, जगन्नाथपुरा, दसलाना, मण्डानिया, झालीपुरा को नगर निगम मे शामिल कर सीसी रोड, नालियां, रोड लाईट और पेयजल के लिए सभी गांवों में चम्बल का पानी पहुंचाकर इनका विकास करवाकर इनकी सूरत बदल दी।

राजावत ने बताया कि बुनकरों की समस्या का निदान करते हुए बांग्लादेश की फैशन डिजाईनर बीबी रशल को कैथून बुलाया था तत्कालिन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बड़े जलसे मे स्वंय शामिल हुई थी और उन्होंने कोटा डोरियां की साड़ी का देश ही नहीं पूरे विदेश मे मार्केटिंग करवाई थी। और उस जमाने में आजादी के बाद पहली बार कैथून नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड बना योगेन्द्र नन्दवाना पालिकाध्यक्ष बने और नसरूदीन अंसारी ने प्रस्ताव पारित कर कैथून को कोटा नगर निगम मे शामिल करवाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा वो विचाराधीन रहा लेकिन कांग्रेस का राज आते प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

# हिमालय परिवार की प्रदेश कार्यकारिणी संपन्न

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** हिमालय परिवार राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक जयपुर में संपन्न हुई। जिसमें इंद्रेश कुमार ने संगठन की समीक्षा, कार्यकर्ताओं के सुझाव, सिंधु दर्शन यात्रा तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण पर जोर दिया। मुख्य अतिथि केंद्रीय महामंत्री दिलबाग सिंह जसरोटिया का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। जिसमें प्रदेश महामंत्री सच्चिदानंद पारीक, उपाध्यक्ष सुषमा बिस्सा, मंत्री रमेश राठौड़, कोटा जिलाध्यक्ष रमेश शर्मा सहित राजस्थान के अनेक पदाधिकारियों ने भाग लिया।

**खोया-पाया**

मै योगेश कुमार सेन पुत्र रामप्रताप सेन, झालावाड़ रोड जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी मकान नंबर 1जी10, बारां से 20.02.2021 को बाइक से कोटा जाते समय कहीं रास्ते में मूल वसीयत नामा शपथ पत्र खो गया

भवदीय- योगेश कुमार सेन
झालावाड़ रोड जवाहर नगर, हाउसिंग बोर्ड, बारां, मो. 9636798465

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम नबा हसन है मगर किन्ही कारणवस इसका नाम स्कूल में नबा अराइश हो गया है जबकि बाकी दस्तावेजों में इसका नाम नबा हसन है इसे भविष्य में नबा हसन के नाम से ही जाना जावे। घोषणाकर्ता मोहम्मद अफ़जल पुत्र हसन अली निवासी प्लॉट नंबर 5 फर्नीचर इंडस्ट्रीज एरिया छावनी कोटा

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

**मुकदमा नम्बर 55/2024**

चूंकि **श्री अरविन्द गोयल पुत्र स्व. श्री द्वारका प्रसाद गोयल 15-ए बल्लभ नगर, कोटा** द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास **"रामनिवास मोदी चेरिटेबल सोसायटी" स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा** के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जाँच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जाँच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जाँच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

**प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 23.10.2024 है।**

मोहर
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, कोटा

**राजस्थान आवासन मंडल कोटा वृत्त, कोटा**

क्रमांकः 3186 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांकः 26.08.2024

आवास संख्या 2-ब-26 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री परमानंद थदानी पुत्र श्री नारायण दास को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री परमानंद थदानी पुत्र श्री नारायण दास द्वारा दि.10.02.1978 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री परमानंद थदानी पुत्र श्री नारायण दास की मृत्यु दि. 31.01.2015 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री आदित्य थदानी पुत्र स्व. श्री परमानंद थदानी द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का हक त्याग (रिलीज) अपनी माता श्रीमती सुशीला थदानी पत्नी स्व. श्री परमानंद थदानी के पक्ष में करने हेतु अपनी बहन श्रीमती अंजू हसिजा पत्नी श्री विनोद हसिजा पुत्री स्व. श्री परमानंद थदानी के पक्ष में दि. 20.12.2023 को जनरल पावर ऑफ अर्टोनी दी गई एवं श्री सुनील थदानी पुत्र स्व. श्री परमानंद थदानी द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का हक त्याग (रिलीज) अपनी माता श्रीमती सुशीला थदानी पत्नी स्व. श्री परमानंद थदानी के पक्ष में करने हेतु अपनी बहन श्रीमती अंजू हसिजा पत्नी श्री विनोद हसिजा पुत्री स्व. श्री परमानंद थदानी के पक्ष में दि. 13.12.2023 को जनरल पावर ऑफ अर्टोनी दी गई। इस क्रम में मृतक के वारिसानों में श्री रविशकर थदानी पुत्र स्व. श्री परमानंद यदानी एवं श्रीमती अंजू हसिजा पत्नी श्री विनोद हसिजा पुत्री स्व. श्री परमानंद थदानी स्वयं एवं बहैसियत मुख्तार खास श्री आदित्य थदानी पुत्र स्व. श्री परमानंद थदानी द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दि. 12.03.2024 को श्रीमती सुशीला थदानी पत्नी स्व. श्री परमानंद थदानी के पक्ष में किया गया। श्रीमती सुशीला थदानी पत्नी स्व. श्री परमानंद थदानी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-ब-26 विज्ञान नगर, कोटा को मृत्यु प्रकरण में नाम हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया। अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार श्रीमती सुशीला थदानी पत्नी स्व. श्री परमानंद थदानी के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुशीला थदानी पत्नी स्व. श्री परमानंद थदानी के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुशीला थदानी पत्नी स्व. श्री परमानंद थदानी के नाम कर दिया जाएगा।

-उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल, कोटा वृत्त कोटा

**DENIM DEVELOPERS LIMITED**
Registered office: C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota, Rajasthan, 324003
CIN: L36101RJ1969PLC076649, Phone No. +91 7300083921
Email: info@denim.org.in Website: www.denimdevelopersltd.com,

**NOTICE OF 54th ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING & BOOK CLOSURE**

NOTICE is hereby given that the 54th Annual General Meeting (AGM) of the Members of the company will be held on Thursday, the 19th day of September, 2024 at 12 p.m. at registered office of the Company i.e. C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota-324003, Rajasthan, to transact the business as set out in the Notice convening the 54th AGM.

- The electronic copies of the Notice of 54th AGM and Annual Report for financial year 2023-24 will be sent to all the members whose email addresses are registered with the Company/Depository Participants and also made available on the Company's website i.e. www.denimdevelopersltd.com and Metropolitan Stock Exchange of India Limited website www.msei.in
- Shareholders holding shares in dematerialized mode, are requested to register their email address and mobile numbers with their relevant depositories through their Depository Participant and shareholders holding shares in physical mode are requested to furnish details to the Company's Registrars and Transfer Agents i.e ABS Consultants Private Limited at absconsultant99@gmail.com
- The e-voting shall commence on 16.09.2024 at 9 A.M. IST and will end on 18.09.2024 at 5 P.M. IST. The Company has fixed 12.09.2024 as the Cut-off date to determine the Shareholders eligible to cast their vote electronically.
- The Company has engaged Central Depository Services (India) Limited (CDSL) for facilitating e-voting. For e-voting instructions, members may refer to the Notice of AGM. The Company has appointed Scrutinizer M/s Jain Saloni & Co., Company Secretaries for conducting the e-voting process. In case members have any queries regarding e-voting members may refer the FAQ and e-voting user manual available at www.evotingindia.com under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com.
- A member may participate in the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again in the meeting.
- The Register of Members and Share Transfer Book of the Company will remain closed from 13.09.2024 to 19.09.2024, (both days inclusive) for the purpose of AGM.

For Denim Developers Limited
(Ayush Vijay)
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Kota
Date: 26.08.2024

